भारत सरकार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 509

बुधवार, दिनांक 03 दिसम्बर, 2025 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोत</u>

509. श्री विनोद लखमशी चावड़ा: क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा बिजली उत्पादन के लिए किस प्रकार के नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग किया जा रहा है; और

(ख) देश में उक्त ऊर्जा स्रोतों से अधिकतम कितनी बिजली का उत्पादन किया जा रहा है?

उत्तर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री

(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) सौर, पवन, जल विद्युत तथा बायोजेनिक संसाधन बिजली के उत्पादन के लिए उपयोग किए जाने वाले प्रमुख नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत हैं।

(ख) पिछले वर्ष के दौरान स्रोत-वार नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन का विवरण निम्नानुसार है:

(मिलियन युनिट में)

स्रोत	**वर्ष 2024-25**
सौर	144150.23
पवन	83347.19
बड़ी जल विद्युत	148633.98
लघु जल विद्युत	11568.04
बायोमास	3738.67
खोई (बगास)	9335.32
अन्य	2869.73
कुल	**403643.16**

स्रोत: केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए)

*****